कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-04.04.2024

विषयः- नशीला इन्जेक्शन लगाकर गोवंशों की तस्करी करने के मामले मे अभियुक्त अमन यादव थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से 01 राशि सांड़, 02 अदद सिरिंज, 01 शीशी मे इंजेक्शन तरल पदार्थ जानवरो को बेहोश करने हेतु, 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद कारतूस बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में, श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैंट के नेतृत्व में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा नशीला इन्जेक्शन लगाकर गोवंशों की तस्करी करने वाले गिरोह से संबंधित 01 नफ़र अभियुक्त अमन यादव पुत्र जयप्रकाश यादव निवासी मुरदी खुटहा थाना सिंधौरा जनपद वाराणसी को दिनांक-03.04.2024 को समय करीब 19.50 बजे 01 राशि सांड़ गौवंश, 02 अदद सिरिंज, 01 शीशी मे इंजेक्शन तरल पदार्थ जानवरो को बेहोश करने हेतु, 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस के साथ गोईठहां से गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ़्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-0103/2024 धारा 3/5A,B/8 गोवध निवारण अधि0, 11 पशु क्रुरता अधि0, धारा 429 भा0द0वि0 व 3/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ-

अभियुक्त अमन यादव ने पूछताछ करने पर बताया कि हम लोग पैसों की लालच मे गांव व गांव के सीवानो मे घुमन्तू/छुटटा आवारा गोवंश(गाय,सांड़,बछड़ा आदि) को मै अपने साथी मनीष राजभर व चन्दन राजभर के साथ मिलकर शीशी मे रखी दवा को सिरिंज से जानवरों को जबरदस्ती पकड़कर लगाकर बेहोश कर देते है तथा उन्हे मौका पाकर मैजिक से लादकर एकांत स्थान पर एकत्रित करके वहाँ से करीब 8-10 पशुओं की संख्या हो जाने पर हम लोग उन्हे वध हेतु दूसरे राज्य जैसे बिहार, बंगाल आदि ले जाकर अच्छे दामों पर बेंच देते है, जिससे हम लोगो को अच्छी आमदनी हो जाती है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

अमन यादव पुत्र जयप्रकाश यादव निवासी मुरदी खुटहा थाना सिंधौरा जनपद वाराणसी, उम्र 19 वर्ष।

बरामदगी का विवरण- 01 राशि सांड़ गौवंश, 02 अदद सिरिंज,01 शीशी मे इंजेक्शन तरल पदार्थ जानवरो को बेहोश करने हेतु, 01 अदद तमंचा 315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस बरामद व 01 अदद पल्सर मोटर साइकिल इंजन नम्बर DHXPPG55608 व चेचिस नं0 MD2B68BX6PPG34976 सीज किया गया।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 ब्रहमदत्त मिश्र थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2- उ0नि0 अमरजीत कुमार थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3- उ0नि0 विजेन्द्र सिंह थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4- हे0का0 रोहित यादव थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
5- का0 मनीष थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
6- का0 सूरज थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।